होने के बावजूद इस देश में 22 करोड़ लोग जीवन-यापन की निम्नतम स्थिति से भी निम्न स्थिति में है और चार करोड़ लोग बेकार हैं। इतना ही नहीं, आज भी इस देश में असंतुलित विकास हो रहा है, जिस के कारण विभिन्न राज्य और विभिन्न क्षेत्र पिछड़े हुये हैं। अगर इस परिस्थिति को सुधारने के लिये कदम नहीं उठाया गया तो एक भयंकर विस्फोटक स्थिति पैदा हो जायेगी। जितनी योजनायें चलाई गई है, वे औंधी खोपड़ी से चलाई गई योजनायें हैं, जिन में विकास की संतुलित रफ्तार पर ध्यान नहीं दिया गया है।

हमने अपनी अर्थ-व्यवस्था को ब्रिटिश कालोनियल सिस्टम से इनहैरिट किया है। हम ने अभी तक सामन्तवादी व्यवस्था को बिल्कुल खत्म नहीं किया है और हम ने विकास के पूंजीवादी रास्ते को अपनाया है। इस कारण देश का विकास संतुलित रफ्तार से नहीं हो रहा है। उदाहरण के लिये इंडस्ट्रियल लाइसेंसिंग के सम्बन्ध में जो आंकड़े दिये गये हैं वे प्रकट करते हैं कि अधिकतर लाइसेंसिज उन्हीं इलाकों में दिये गये हैं, जहां पहले से ही बड़े बड़े कारखाने खुल चुके हैं। बहुत सा कारोबार आरम्भ है, जैसे महाराष्ट्र में कलकत्ता में या बड़े बड़े नगरों मद्रास वगैरह में। लेकिन आप ने ध्यान नहीं दिया कि ऐसे इलाकों में उद्योगों का निर्माण होना चाहिये जिन के जरिये विकास की रफ्तार तेज हो सके। मैं तमाम देश की बात को छोड़कर अधिक यही कहना चाहता हूं कि हमारा बिहार जो एक तरह से प्राकृतिक सम्पदा के आधार पर सब से आगे होना चाहिये जिस बिहार के अन्दर पूरे देश में जो मिनरल्स पैदा होते हैं उन का 40 प्रतिशत अकले/वहां पैदा होता है वह बिहार आज सब से पिछड़ा हुआ है। माइका, कापर, बोक्साइट, आयरन और चायना क्ले ये तमाम धातुयें और कोयला, जिन के आधार पर कि देश का नवनिर्माण हो रहा है वह सब नीचे बिहार में निकलती हैं। यही नहीं जंगलात के सामान भी टिम्बर, बैम्बू सबई घास इत्यादि बिहार में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। बिहार में तमाम साल चलने वाली नदियां हैं, उपजाऊ जमीन है। लेकिन इस के बाद भी बिहार की अवस्था ऐसी है कि बिहार की पर कैपिटा आमदनी जो पिछली पंच साला योजना के समय सातवें नम्बर पर थी वह आज एक को छोड़कर लोएस्ट हो गई है। 402 रुपया प्रति व्यक्ति आय बिहार की रह गई है। यह दयनीय अवस्था बिहार की इन तमाम पंच वर्षीय योजनाओं के पूरा होने के बाद हुई है। तो समझने की बात है कि यह कैसी योजनायें लागू की गई हैं और क्या हो रहा है? योजनाओं को लागू करना समाजवाद का आधार होता है। लेकिन क्या आप समाजवाद का एलान करते हुये भी इस बात का ध्यान रखते हैं कि ऐसी योजनाओं को लागू करना चाहिये जिन से कि देश का समान रूप से विकास हो सके? बहुत से दूसरे देशों में भी समाजवाद है और समाजवादी ढंग से वहां योजनायें लागू की गई हैं जिन से आप को शिक्षा ग्रहण करना चाहिये। सोवियत रूस में समाजवादी ढंग से योजनायें लागू की गई हैं और उस का नतीजा यह हुआ है कि अजरबेजान, किरगिजिस्तान और साइबेरिया के इलाकों का भी जो बहुत ही पिछड़े हुये थे विकास हो गया है। लेकिन बिहार की अवस्था, उत्तर प्रदेश की अवस्था, बंगाल के पिछड़े इलाकों की अवस्था, मेघालय और मध्य प्रदेश के इलाकों की अवस्था वैसी ही बनी हुई है। इन प्रदेशों की बहुत ही बुरी अवस्था है और इस बात को आप नहीं समझेंगे तो नतीजा यह होगा कि आप के लिये बहुत ही संकट पैदा हो जायेगा और आप का समाजवाद का स्वप्न केवल स्वप्न हो रहेगा।

बिहार की स्थिति आज क्या है? बिहार की स्थिति यह है कि जब कि पूरे देश की प्रति व्यक्ति आय 589 रुपये है, बिहार की 402 रुपये है। बिहार की शिक्षा की स्थिति लीजिये तो पूरे देश की शिक्षा का प्रतिशत जहां 29.3 प्रतिशत है वहां बिहार में केवल 18.4 प्रतिशत है। और औरतों

की शिक्षा को लिया जाय तो औरतें केवल 7 प्रतिशत बिहार में पढ़ी लिखी हैं। बिहार के और इलाकों को लीजिये तो चम्पारन के इलाके में 12 प्रतिशत शिक्षा है, संथाल परगना में 13 प्रतिशत शिक्षा है, पलामू में 10 प्रतिशत शिक्षा है। और यह स्थिति तब है जब कि चौथी पंच साला योजना पूरी हो कर पांचवीं पंच साला योजना में हम पदार्पण कर रहे हैं। इसी तरह से सिंचाई और बिजली के मामले में बिहार बहुत पिछड़ा हुआ है। बिहार के एम० पी० इस बारे में प्रधान मंत्री से मिले थे और प्रधान मंत्री ने उन को आश्वासन भी दिया था लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। बिहार में केवल 6 प्रतिशत लोग शहरों में बसते हैं। बाकी तमाम लोग गांवों में रहते हैं। सारी आमदनी जो बिहार में हो रही है उस का अधिकांश हिस्सा खेती से आता है, उद्योगधन्धों से नहीं आता है। नतीजा यह है कि बिहार बहुत ही पिछड़ी अवस्था में है। रोड के मामले में प्रति एक लाख व्यक्ति के ऊपर हिसाब लगाया गया है, उस में केवल 9 किलोमीटर रोड उन इलाकों में इस हिसाब से पड़ती है। तो ऐसे इलाकों में विशेष ढंग से योजनायें बनानी चाहिये और उन को लागू किया जाना चाहिये। मेरा सुझाव है कि आप इस बात पर ध्यान दें।

अगर आप देश में तेजी से विकास लाना चाहते हैं और पिछड़े हुए इलाकों को आगे बढ़ाना चाहते हैं तो पहला कदम यह होना चाहिये कि बहुत तेजी से भूमि सुधार के फैसलों को अमल में लाइये। आज खेत मजदूरों की अवस्था सब से बुरी है। उन को मजदूरी आज भी उतनी ही मिलती है जितनी ब्रिटिश जमाने में मिलती थी। उन के जीवन यापन में सुधार लाने के लिये विशेष योजनायें आप को बनानी पड़ेंगी और जो दस प्रतिशत विशेष सुविधा की बात आप ने उन के लिये तय की है वह अमल में नहीं आती। जो भी सहायता दी जाती है जिले के पैमाने पर और राज्य के पैमाने पर वह सही ढंग से खर्च नहीं की जाती। इसलिये मेरा सुझाव है कि कि आप ऐसी योजना जो भी बनाते हैं पिछड़े इलाकों के लिये डिस्ट्रिक्ट पैमाने पर और राज्य के पैमाने पर उन को कार्यान्वित करने के लिये गारन्टी कीजिये और जो भी वहां पर आफिसर्स हों उन को इस बात की हिदायत दीजिये कि आप की तरक्की इन योजनाओं के कार्यान्वयन पर निर्भर करेगी। नहीं तो होता यह है कि फैसले जो होते हैं वह अमल में नहीं लाये जाते। जिला ऐडवाइजरी कमेटी होती है उस के फैसले पर अमल नहीं होता। इस बात के ऊपर विशेष ध्यान आप को देना चाहिये। इन इलाकों में रोड का कांस्ट्रक्शन, बिजली का विकास और छोटे छोटे उद्योग धन्धों का विकास करने की जरूरत है। लेकिन आप की प्लानिंग जो होती है वह जनता के सपोर्ट से नहीं चलाई जाती है। बहुत से देशों के बारे में हम ने पढ़ा है वहां की प्लानिंग जनता के सपोर्ट के ऊपर चलाई जाती है। लेकिन यहां प्लानिंग चलाई जाती है ब्यूरोक्रेट्स के जरिये से और जब तक आप ब्यूरोक्रेट्स के इस सेल को नहीं तोड़ेंगे और जनता का सपोर्ट नहीं लेंगे हर स्तर पर तब तक आप की योजनायें लागू नहीं हो पायेंगी। मेरा यह कहना है कि आप स्पेसिफिक एलाटमेंट जो कीजिये उस के सही ढंग से खर्च होने की गारन्टी कीजिये और जनता का सपोर्ट हासिल कीजिये। ब्यूरोक्रेट्स के सेल को तोड़िये जिस से जनता की योजनायें ये बन जायें। और भूमि सुधार का सवाल बुनियादी सवाल है क्यों कि किसी भी देश के विकास में उस का आर्थिक विकास बहुत आवश्यक होता है और उस के लिये भूमि सुधार बहुत आवश्यक है। इसलिये यह जरूरी है कि इस योजना को सही ढंग से लागू करने की दिशा में कदम उठाइये। तभी इन प्रदेशों का और इन पिछड़े हुये क्षेत्रों का विकास हो सकता है। नहीं तो फिर वही हालत रहेगी और ये पिछड़े इलाके आप के लिये खतरे के बिन्दु बन जायेंगे।

**श्री परिपूर्णानन्द पैन्यूली (टिहरी गढ़वाल)** : उपाध्यक्ष महोदय, आजादी के 25 साल के बाद हम देश में क्षेत्रीय असमानता दूर करने के बारे में विचार कर रहे हैं। इस में देर शायद

[श्री परिपूर्णानंद पैन्यूली]

दुरुस्त ग्रायद वाली कहावत चरितार्थ होती है। गनीमत है कि कम से कम ग्राज उस पर विचार करने का मौका तो मिला है यद्यपि मैं समझता हूं कि जितना समय मिलना चाहिये था वह ग्रपेक्षाकृत बहुत ही कम है। मैं यह सुझाव देना चाहता हूं कि योजना आयोग को ग्रपनी परम्परागत नीति से हट कर सुटेबल रीजनल योजना बनानी चाहिये क्यों कि प्रत्येक क्षेत्र की ग्रपनी विशेष समस्यायें हैं ग्रौर उन का समाधान उसी लेवेल पर होना चाहिये बजाय इस के कि ग्राप ऊपर से कोई योजना थोपें। दूसरे, पिछड़े हुये क्षेत्रों में प्लानिंग का काम ग्राप भले ही प्रदेश के माध्यम के करायें लेकिन उस पर फाइनेंशियल कंट्रोल सेंटर का होना चाहिये। सेंटर देखे कि उस का सदुपयोग वहां की स्थानीय जनता के हितों के ग्रनुसार होता है या नहीं? मैं ग्राप से निवेदन करना चाहता हूं कि क्षेत्रीय ग्रसमानता मिटाने के लिये सर्वोच्च प्राथमिकता फिफ्थ प्लान में देनी चाहिये भले ही इस के लिये कुछ ग्ररसे तक उन लोगों को इन्तजार करना पड़े जो पहले से विकसित हैं।

*15.38 hrs.*

[SHRI K.N. TIWARY IN THE CHAIR]

जिस प्रकार से एक परिवार के पांच ग्रादमी कोई लम्बा सफर कर रहे हों, उस में तीन ग्रादमी ग्रागे बढ़ जायें तो उन को पीछे ग्राने वाले ग्रादमियों का इन्तजार करना पड़ेगा। ग्रगर वह ऐसा नहीं करेंगे तो वह कभी मिल नहीं पायेंगे इसी प्रकार से रीजनल इम्बैलेंस को दूर करने के लिये यह बहुत ग्रावश्यक है कि पांचवी योजना में जो पैसे का प्रावधान करें उस में पिछड़े इलाकों को सब से ज्यादा प्राथमिकता दें। योजना आयोग ने जो योजनायें ग्रब तक बनाई हैं वह न केवल वहां की स्थानीय जनता जो गरीब जनता है, उस के हितों के लिये नहीं बनाई बल्कि उस में कई त्रुटियां ग्रौर भी कई तरह की रह गई हैं।

उत्तर प्रदेश में टिहरी गढ़वाल का इलाका सब से पिछड़ा हुग्रा इलाका है जिस की पर कैपिटा इनकम लोएस्ट है देश भर में। किन्तु उस के ग्रासपास ग्राप ने ऐन्टी बायटिक्स का कारखाना लगाया, ग्रौर भारत एलैक्ट्रिकल्स का कारखाना हरिद्वार में लगाया, लेकिन इन कारखानों में भी स्थानीय जनता को रोजगार नहीं मिलता है। बस प्रतिशत व्यक्ति भी वहां के उन में रोजगार नहीं पाते हैं ग्रौर विकसित इलाकों के लोग ही वहां रोजगार पाते हैं। इसलिये मैं सुझाव दूंगा कि ग्राप इस तरह के कारखाने जो स्थापित करते हैं उन में उस प्रदेश की सरकार को ग्राप यह ग्रधिकार दें कि वह उन कारखानों की व्यवस्था के लिये ग्रपने ग्रादमी रखे। जो ग्राप के एम्प्लायमेंट एक्सचेंज हैं उन को भी इस प्रकार की हिदायत होनी चाहिये कि स्थानीय लोगों को प्रतिनिधित्व मिले ग्रौर स्थानीय लोगों को रोजगार मिले।

यू० पी० हिल्स के बारे में एक दुर्भाग्य पूर्ण स्थिति यह है कि हम को प्लेन्ज के लोगों के साथ टैग किया जाता है। जो भी सहायता उत्तर प्रदेश के नाम से केन्द्र की तरफ से दी जाती है, मैं ग्राप के सामने ग्रांकड़े प्रस्तुत करूं तो ग्राप को मालूम हो जायगा, उस में से एक नया पैसा भी पहाड़ी इलाकों को नहीं मिला है। मैं ग्राप से यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि तीसरी पंच वर्षीय योजना में जहां जम्मू-काश्मीर को 57 करोड़ रुपया मिला वहां चौथी पंचवर्षीय योजना में 145 करोड़ रुपया मिला। नागा लैंड को तीसरी पंच वर्षीय योजना में 11 करोड़ रुपया मिला, वहां चौथी पंच वर्षीय योजना में 35 करोड़ रुपया मिला। हिमाचल प्रदेश को तीसरी पंच वर्षीय योजना में 37 करोड़ रुपया मिला वहां चौथी पंच वर्षीय योजना में 87 करोड़ रुपया मिला, लेकिन यू० पी० के हिल एरियाज को एक पैसा भी नहीं दिया गया। काश्मीर, नागालैंड ग्रसम ग्रापने विशेष क्षेत्र माने हैं, सीमान्त क्षेत्र हैं लेकिन हम भी तो सीमान्त क्षेत्र हैं। यदि काश्मीर की सरहद पाकिस्तान से मिली हुई है तो हमारी, सरहद चीन से मिली हुई है, हम को उसी ट्रेटेजिक इम्पार्टेन्स से डील करना चाहिये।.....

**सभापति महोदय :** ग्रब ग्राप खत्म कीजिये

**श्री परिपूर्णानंद पैन्यूली :** कुर्सी पर बैठते ही ऐसा न कहिये, कुछ तो न्याय की बात कीजिये।

**सभापति महोदय** : पांच मिनट से ज्यादा नहीं दूंगा। अगर हम को छोटी लिस्ट मिले तब आप को ज्यादा टाइम लेना चाहिये। जब लिस्ट बड़ी है तो ज्यादा टाइम कहां से दिया जा सकता है। अब आप खत्म कीजिये आप का यह रिमार्क अच्छा नहीं है।

**श्री परिपूर्णानन्द पैन्यूली** : इस तरह के पिछड़े हुये इलाकों के लिये आप को तेलंगाना की तरह की एक स्टेचुटरी बाडी बनानी चाहिये तभी हमारा विकास हो सकता है। वरना मारेंगे और रोने न देंगे—ऐसी बात हो रही है। इस से हमारा भला नहीं हो सकता। हमें न केन्द्र से सहायता मिलती और न प्रान्त से मिलती है। उत्तर प्रदेश की सरकार पहाड़ी इलाकों के साथ न्याय नहीं कर रही है। हमारे सारे नैचुरल सिरसो/सेज मैदानी इलाकों को फीड करने के लिये चले जाते हैं आप वहां पर रिसोर्सेज बेस्ड इण्डस्ट्रीज स्थापित नहीं करना चाहते हैं, इस के बिना हमारा भला नहीं हो सकता।

इसलिये मैं विनम्र अनुरोध करना चाहता हूं कि पिछड़े इलाकों को अधिक प्रोत्साहन दें, पिछड़े इलाकों को, जब जब कांस्टीचुएन्सीज का डिलि-मिटेशन हो, हम को अधिक प्रतिनिधित्व मिलना चाहिये जिस तरह से आप अन्य पहाड़ी इलाकों को जैसे काश्मीर, नागालैंड, हिमाचल प्रदेश या दूसरे प्रान्तों को दे रहे हैं।

इन शब्दों के साथ मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि योजना आयोग एक दिन का पूरा समय निर्धारित करे ताकि पिछड़े इलाके के लोग अपनी समस्याओं को आप के सामने रख सकें।

**डा० लक्ष्मीनारायण पाण्डेय** (मंदसौर) : सभा-पति महोदय, श्री नाथूराम जी अहिरवार द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का समर्थन करते हुये मैं निवेदन करना चाहता हूं कि वास्तव में देश में जिस प्रकार से एक सन्तुलित गति से विकास होना चाहिये था वह विकास हमारी योजना की अदूरदर्शिता के कारण, योजना आयोग की ठीक ठीक नीतियों के न होने के कारण या योजनाओं में इस प्रकार की त्रुटियों के कारण जिनसे अमीर और गरीब का अन्तर बढ़ता रहा, न हो सका। एक तरफ तो हमारे शहरों का विकास इस प्रकार से हुआ कि वहां की चका-चौंध को देख कर आज आम आदमी भ्रमित है, दूसरी तरफ गांवों का विकास, पिछड़े इलाकों का विकास, बिल्कुल सम्भव नहीं हुआ, जिन का कि विकास होना बहुत आवश्यक था। यह केवल उत्तर प्रदेश का प्रश्न नहीं है, बिहार का प्रश्न नहीं है, पश्चिमी बंगाल, राज-स्थान या मध्य प्रदेश का प्रश्न नहीं है, जितने भी पिछड़े इलाके हैं, जिन में अधिकतर आदिवासी या गरीब निर्धन लोग बसते हैं, उन इलाकों के विकास का प्रश्न है। यदि ठीक से देखा जाय तो बिहार के अनेक इलाके, मध्य प्रदेश के अनेक इलाके जो खनिज सम्पदा से भरे पड़े हैं, वे वही इलाके हैं, जिन को पिछड़ा इलाका कहा जाता है यह पिछड़ा क्षेत्र माना जाता है और जो विकास की दृष्टि से अत्यन्त पीछे है।

सभापति जी, मैं मध्य प्रदेश का एक उदाहरण देना चाहता हूं। मध्य प्रदेश के बस्तर इलाके को, झाबुआ और निमाड़ इलाके को, विन्ध्य प्रदेश के कतिपय इलाकों को लीजिये तो आप पायेंगे कि उन में सब से ज्यादा कापर की, माइका की तथा आयरन ओर की माइन्स हैं मध्य प्रदेश में इतना अच्छा कापर निकल सकता है जो सारे देश की आवश्यकता की पूर्ति कर सकता है, वहा अबरक की खानें हैं, मैगनीज की खानें हैं। लेकिन यह सारा इलाका वह इलाका है जिस को पिछड़ा इलाका कहा जाता है। बिहार के अन्दर भी जो माइन्स हैं, वे भी पिछड़े इलाकों के अन्दर हैं, पश्चिमी बंगाल की भी यही स्थिति है, राजस्थान में भी वही पिछड़ा इलाका, जिन में आदिवासी बसते हैं, चित्तौड़ और उदयपुर के आस पास का इलाका जहां राक-फास्फेट पर्याप्त मात्रा में है, जिन्क पर्याप्त मात्रा में है, लेकिन उस का उपयोग ठीक तरह से नहीं हो रहा है, उन का विकास नहीं हो रहा है। आज वहां की उत्पादित वस्तुओं की तरफ पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मैं मंत्री महोदय का ध्यान इसी तरफ दिलाना चाहूंगा।

[डा० लक्ष्मीनारायण पाण्डेय]

पिछड़े इलाकों में जो सम्पदा विद्यमान है उसका प्रबन्ध करके आप वहां का विकास कर सकेंगे और जो वहां के रहने वाले हैं उनका भी विकास कर पायेंगे, उनको रोजगार के साधन उपलब्ध करा पायेंगे। आज देश के विभिन्न प्रान्तों में इसकी बहुत बड़ी आवश्यकता है।

अन्त में मैं मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहूंगा कि योजना विभाग, उद्योग विभाग तथा अन्य विभागों में परस्पर सामन्जस्य की दृष्टि से कार्य किया जाये तो मैं समझता हूं उन क्षेत्रों का विकास द्रुत गति से सम्भव हो सकेगा। आज तारांकित प्रश्नों के समय में यह बात आई थी राजस्थान के अनेक इलाकों का विकास ठीक से नहीं हो रहा है, मध्य प्रदेश के इलाकों का विकास नहीं हो रहा है। मध्य प्रदेश में आदिवासी कहे जाने वाले पिछड़े इलाकों में पिछले 25 सालों में उद्योगों की स्थापना नहीं हुई है। बिहार और पश्चिमी बंगाल में भी इसी प्रकार के उदाहरण हैं। राजस्थान में उदयपुर में, एक दो कारखाने लगाये गये किन्तु उनकी भी दशा बहुत ही खराब है। प्रायः हरएक क्षेत्र में कोई भी कारखाना लगाया जाना जरूरी है। इसलिये मेरा निवेदन है कि जो पिछड़े हुये इलाके हैं उनमें अधिकाधिक कारखाने लगाये जायें।

बिजली के बारे में कहकर समाप्त करूंगा। कल यहां बिजली के बारे में काफी चर्चा हुई और सुझाव दिये गये। जहां तक बिजली का सवाल है वह सारी की सारी शहरों में सेन्ट्रलाइज हो रही है। जो बिजली गांवों में जानी चाहिये जो पिछड़े हुये गांव है उनका विकास होना चाहिये, इरीगेशन की सुविधायें होनी चाहिये वह नहीं हुआ है। आज भी उन पिछड़े हुये इलाकों में रेल के दर्शन दुर्लभ है, बिजली का पता नहीं। बस्तर के इलाके में तो मीलों तक कोई सड़क ही नहीं है। बरसात में लगभग 6.8 महीने तक आवागमन की दृष्टि से वह इलाका बिल्कुल अलग हो जाता है। तो वहां पर आवागमन की सुविधायें मिलें, उन पिछड़े हुये लोगों को भी सामान्य जीवन मिले, उनको भी विकास के अवसर मिले इस दृष्टि से सरकार की योजना की नीति में परिवर्तन होना चाहिये तभी उन पिछड़े और आदिवासी कहे जाने वाले इलाकों में उद्योग की दृष्टि से और सभी प्रकार की उन्नति के समान अवसर प्राप्त हो सकेंगे।

**श्री कुशोक बाकुला** (लद्दाख) : सभापति महोदय प्रस्ताव का समर्थन करते हुये मैं कहना चाहता हूं कि मैं सबसे पिछड़े हुये इलाके से आता हूं जो कि हिमालय की छत अथवा लद्दाख के नाम से पुकारा जाता है। उस इलाके को अधिकतर सदस्यों ने देखा भी नहीं होगा कि वहां की क्या हालत है और वहां पर क्या विकास हुआ है। कुछ माननीय सदस्यों ने शायद देखा होगा। लद्दाख का एरिया बहुत बड़ा है जम्मू कश्मीर के एरिया से भी बड़ा है लेकिन यदि तुलना की जाये कि जम्मू कश्मीर में कितना विकास हुआ है और लद्दाख में कितना विकास हुआ है तो पता चलेगा कि वहां बहुत कम उन्नति हुई है इसमें कोई सन्देह नहीं कि भारत सरकार ने बहुत पैसा दिया है जिसके लिये हम आभारी हैं लेकिन लद्दाख का जो विकास का काम है वह बहुत धीमा और शिथिल चल रहा है। मैंने कल भी दर्ज किया था बिजली के बारे में कि हमारे लद्दाख में अभी भी पुराने तरीके से काम चल रहा है। वहां पर बिजली का होना बहुत आश्यक है। बिजली वहां पर लेह मैं जोकि डिस्ट्रिक्ट हेडक्वार्टर है लगी हुई है। वहां पर दो बिजली के इंजन हैं लेकिन वे हमेशा ही खराब रहते हैं। कभी एक हिस्से में प्रकाश रहता है तो कभी दूसरे में। इस साल वहां पर एक बिजली का नया इंजन भी लगाया गया है लेकिन वह भी खराब हो गया है। इसकी तरफ सरकार को ध्यान देना चाहिये।

आज मुझे बहुत खुशी है कि एक शक्तिशाली योजना मंत्री, श्री डी० पी० धर इस पद पर है। मैं उनको अच्छी तरह से जानता हूं। जब वे जम्मू कश्मीर में मिनिस्टर थे तो मुझे भी उनके साथ काम करने का मौका मिला था। आपने 1947 में आकर वहां पर हवाई अड्डा बनवाया

था। तब से प्रगति शुरू हुई है। लेकिन मैं आज उन से निवेदन करना चाहता हूं कि वह स्वयं लद्दाख में जायें और वहां की हालत को देखें। यह बात मैं राज्य सरकार की शिकायत के तौर पर नहीं कह रहा हूं, क्योंकि मुझे मालूम है कि जम्मू काश्मीर के मुख्य मंत्री सैयद मीर कासिम लद्दाख के बारे में बहुत दिलचस्पी रखते हैं, लेकिन अभी तक हमारे लद्दाख का एक मंत्री भी नहीं है। जब कि केन्द्रीय सरकार में जम्मू कश्मीर के पांच मंत्री हैं, लेकिन लद्दाख का एक भी आदमी जम्मू कश्मीर सरकार में मंत्री नहीं है। पहले 1953 से ले कर 1967 तक राज्य सरकार में मंत्री थे और इसलिये उस समय लद्दाख की कुछ प्रगति हो सकी थी। लद्दाख में शिक्षा और उद्योग की कमी है। इसलिये मैं चाहता हूं कि लद्दाख को भी एक पिछड़ा इलाका घोषित किया जाय, और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन-जाति एरिया घोषित किया जाय। क्योंकि जिस प्रकार लाहौल, स्पिति और कुलू वगैरह को शैड्यूल्ड कास्ट्स और शैड्यूल्ड ट्राइब्स एरियाज में शामिल किया गया है उस के कारण वहां विद्यार्थियों को स्कालरशिप अधिक मिलती है, लेकिन लद्दाख के लोगों को थोड़ी स्कालरशिप्स मिलती हैं। इस का कारण मेरी समझ में यही है कि उस को पिछड़ा एरिया घोषित नहीं किया गया है। वहां के लोग पढ़ना चाहते हैं, लेकिन उन्हें सुविधायें नहीं हैं जो कि अन्य पिछड़े एरियाज के लोगों को मिलती हैं। इसलिये मैं निवेदन करूंगा कि लद्दाख की तरफ विशेष ध्यान दिया जाय।

**श्री जगदीश नारायण मंडल** (गोड्डा) : माननीय सभापति जी, आज पिछड़े इलाके सारे देश के अधिकांश भागों में हैं। बिहार सब से ज्यादा पिछड़े प्रान्तों में से है, लेकिन उस में भी छोटा नागपुर और संथाल परगना की हालत सब से बुरी है। मैं छोटा नागपुर के सम्बन्ध में यह कह सकता हूं कि यहां उद्योग, कारखाने खुले हैं, लेकिन उन में स्थानीय लोगों को न लिया जा कर बाहर के लोगों को लिया जाता है। इसलिये अगर छोटा नागपुर में कोई कारखाना है भी तो उस से हम को क्या लाभ हो रहा है? आज छोटा नागपुर में टाटा ने कारखाना खोला हुआ है। वहां के लोगों ने जमीन भी दी है लेकिन उन की शिकायत है कि हम ने जमीन भी दी, परन्तु हम को कारखाने में नहीं लिया जाता है। इस तरह की शिकायत वहां के लोगों की है।

छोटा नागपुर और संथाल परगना के लिये एक विकास बोर्ड बिहार सरकार ने बनाया है, लेकिन उस में यह दिक्कत है कि आज तक उस के लिये कोई फंड अलग से नहीं दिया गया है। उस बोर्ड की अगर कोई मीटिंग हो तो उस से कोई फायदा नहीं। जब तक उस क्षेत्र के विकास के लिये बजट अलग नहीं किया जायगा तब तक छोटा नागपुर और संथाल परगना का विकास का काम आगे नहीं बढ़ सकता है। अगर देखा जाय तो छोटा नागपुर से 68 प्रतिशत आमदनी सरकार को है, लेकिन खर्च उस पर होता है केवल 28 प्रतिशत। सब आय बाहर जाती है। छोटा नागपुर में जो कारखाना खुला हुआ है उस का हेडक्वार्टर दूसरे प्रान्त में है इसलिये कोई विकास का काम उस का नहीं हो पाया है।

जिस जिले से मैं आया हूं वहां की हालत तो यह है कि संथाल परगना में एक भी कोई उद्योग आज तक नहीं खुला है, जब कि हमारे यहां कोयले की खानें हैं, चीनी मिट्टी की खानें हैं, अबरक की खानें हैं, लकड़ी है, पत्थर है, रेशम है, तांबे की खान है, तथा और बहुत से मिनरल्स हैं। लेकिन एक भी उद्योग वहां नहीं है। जहां की जनसंख्या 32 लाख है, उस जनसंख्या में आदिवासी 45 प्रतिशत हैं और 20 प्रतिशत हरिजन लोग हैं, लेकिन आज वहां एक भी उद्योग नहीं खोला गया है। वर्तमान मुख्य मंत्री जब 1962 में हमारे साथ हमारे जिले में भ्रमण के लिये गये थे तो उन्होंने कहा था कि आप के जिले में एक भी कारखाना नहीं खुला जब कि कच्चा माल प्रचुर मात्रा में यहां मौजूद है। इसी कारण मेरे क्षेत्र का कोई विकास नहीं हो सका है। वहां के लोग बराबर उद्योग के लिये चिल्लाते हैं लेकिन उन की एक बात भी नहीं मानी गई। उसी का नतीजा है कि वह क्षेत्र अत्यधिक पिछड़ा हुआ है। हमारे यहां दो लाख

[श्री जगदीश नारायण मंडल]

पहाड़ियां हैं हम ने हाल ही में, 31 जून को, जब हमारे चीफ मिनिस्टर साहब यहां आये थे तब उन से पूछा था कि आज पहाड़िये लोगों की जनसंख्या कितनी है। उन्होंने कहा कि हां, दस या बारह वर्ष पहले दो लाख पहाड़िये थे लेकिन अब कम हो गये हैं। मैं ने उन से पूछा कि क्यों साहब ये पहाड़िये घट क्यों गये। जब हमारे देश की जनसंख्या बढ़ रही है तब पहाड़िये लोगों की जनसंख्या नीचे की तरफ जा रही है, इस का क्या कारण है? उन्होंने कहा कि कभी कभी बीमारियां आ जाती हैं। मैं ने कहा कि आप जरा सर्वे कर के बतलाइये।

**सभापति महोदय** : आप समूचे किस्से में मत जाइये जो प्वाइंट कहना हो उस को कहिये।

**श्री जगदीश नारायण मंडल** : मैं वही कह रहा हूं। हम पहाड़िये लोगों की हालत यह है वह दो लाख से घट कर एक लाख हो गये हैं। इस का कारण यह है कि वह लोग सात-सात, आठ-आठ दिन तक इमली खा कर रहते हैं। दस दस दिन तक इधर उधर की चीजों की रोटी बना खाते हैं, जड़-मूल खा कर दिन काटते हैं। उन के यहां कोई भी विकास की बात नहीं है। पचास पचास फीट नीचे आ कर उन को पीने का पानी लेने आना पड़ता है। जब वह पानी वे लोग पीते हैं तो उस से उन का पेट फूल जाता है और तरह तरह की बीमारियाँ उन को हो जाती हैं।

इस लिये मैं निवेदन करना चाहता हूं कि संथाल परगना में खासकर विकास का काम होना चाहिये और यह काम जिलेवार होना चाहिये ताकि कोई भी जिला दूसरे जिले से पीछे न रहे।

**श्री नाथू राम मिर्धा** (नागौर) : सभापति महोदय, जो प्रस्ताव हमारे माननीय सदस्य श्री अहिरवार ने रक्खा उस में उन्होंने एक बहुत महत्वपूर्ण मुद्दे की तरफ सरकार का और योजना आयोग का ध्यान खींचने की कोशिश की है। जिस समस्या पर आज सदन में बहस हो रही है, मुझे ऐसा लगता है कि यह बात नहीं है कि सरकार को इस के बारे में मालूम न हो या सरकार ने इस के लिये कुछ किया न हो। मैं समझता हूं कि सदन के सब माननीय सदस्य इस बात को स्वीकार करेंगे कि इस समस्या के प्रति सरकार जागरूक है। सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में कुछ कदम भी उठाये हैं। योजना आयोग के अन्दर इन बातों की ओर ध्यान भी दिया गया है, लेकिन जहां तक मैं समझता हूं, इस प्रस्ताव की यह मंशा है कि इस समस्या की ओर विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है। चौथी योजना के दो साल बाकी रह गये हैं और पांचवीं योजना जो हम बनाने जा रहे हैं उस में हिन्दुस्तान के उन इलाकों या जिलों की तरफ, जो पिछड़े मान लिये गये हैं सरकार की तरफ से, चाहे वह पिछड़ापन खेती के दृष्टिकोण से हो, गरीबी के दृष्टिकोण से हो या औद्योगीकरण के दृष्टिकोण से हो, या किसी और प्रकार के कारणों से हो। जहां कुछ उन्नति नहीं हुई है चाहे वह रेगिस्तान हो या पहाड़ हो, जहां गरीब लोग रहते हैं और पिछड़े हुये हैं, विशेष रूप से योजनाओं में ध्यान दिया जाना चाहिये।

इस हिसाब से यह प्रस्ताव रक्खा गया है और मैं आप की मार्फत सदन के माननीय सदस्यों से और सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि हम विशेष रूप से इन इलाकों का आगे की योजनाओं में ध्यान रखना चाहते हैं। मेरी यह राय है कि हम खेती-बाड़ी या पशुपालन या इन इलाकों में जो जंगलात हैं या माइन्स हैं उन में गरीब लोगों को ज्यादा से ज्यादा जुटा सकते हैं और ऐसे इलाकों के लिये स्पेशल प्रोजेक्टस बना कर तैयार करनी पड़ेंगी। इन प्रोजेक्टस को बनाने का काम खासतौर से राज्य सरकारों को करना पड़ेगा। राज्य सरकारों की जो अपनी जनरल किस्म की योजनायें होती हैं उन के अलावा इन इलाकों के लिये इन प्रोजेक्टस के ऊपर विशेष रूप से ध्यान दे कर योजनायें मंजूर की जायें। इन योजनाओं को पिछड़े इलाकों में लागू किया जाये जिस से वहां के लोगों को काम धन्धा मिल सके और उन की आमदनी भी बढ़े। हम को उन दोनों ही दृष्टिकोण से विचार करना पड़ेगा। जो हमारे यहां कृषि आयोग मुकर्रर किया गया है उस से मेरा सम्बन्ध है और मैं विशेष तौर से कहना

चाहता हूं कि हम को देखना चाहिये कि पिछड़े इलाकों में भी वे कौन से जिले हैं जो किसी वजह से आज तक पिछड़े हुये रहे हैं और उन जिलों के लिये विशेष योजनायें तैयार की जायें। हमारे यहां रेगिस्तानी इलाके हैं जो पिछड़े हुये हैं। मध्य प्रदेश में बस्तर का इलाका है या बिहार का सन्थाल परगने का इलाका है। जो भी योजनायें हम बनायें वह इन इलाकों की समस्याओं और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुये बनायें।

इसको मैंने सरकार के सामने इस वास्ते रखा है ताकि योजना के अन्दर धन का प्रावधान किया जा सके और उन लोगों को काम आदि मिले और लोग उन इलाकों से शहरों की तरफ न आयें, रोजगार की तलाश में इधर दौड़े न चले आयें और यहां आ कर हमारे लिये समस्यायें खड़ी न करें। इस दृष्टिकोण को मैं समझता हूं योजना आयोग तथा सरकार दोनों ठीक समझते हैं और इस पर वे विशेष ध्यान देंगे। ऐसी बात नहीं है कि मुझे अपने इलाके के लिये कुछ नहीं कहना है। वहां भी बहुत सा डैजर्ट है। इसी तरह से और भी इलाके हैं जो पिछड़े हुये हैं। वहां उद्योग धंधों की तरफ ध्यान देना होगा। पन्ना लाल जी कह रहे थे गंगानगर के बारे में। उसके लिये वह जरूर कह सकते हैं। लेकिन मेरे ख्याल में राजस्थान के पैसे का एक बहुत बड़ा हिस्सा सिंचाई के कामों पर, सड़कों के कामों पर तथा इसी तरह के दूसरे कामों पर गंगानगर में खर्च हो रहा है। बैकवर्डनैस वहां भी हो सकती है और दूसरे इलाकों में भी हो सकती है। अगर सभी लोग यह कहना शुरू कर दें कि हमारा इलाका पिछड़ा हुआ है तो इससे काम नहीं चल सकता है। एक ऐसा वातावरण बना दें कि सभी इलाके पिछड़े हुए हैं तो कैसे काम चल सकता है। कोई कम पिछड़ा हुआ है और कोई ज्यादा। वास्तव में कौन सा इलाका पिछड़ा हुआ है और कौन सा नहीं, इसके बारे में अगर हम राजनीतिक दृष्टिकोण से विचार करते हैं और यह कहने लग जायें कि सरकार ऐसा सोचती है और उसके साथ साथ हम भी ऐसा सोचने लग जायें, तो कोई इलाका ऐसा आपको नहीं मिलेगा जो पिछड़ा हुआ न हो या किसी इलाके में कुछ पाकेट्स पिछड़ी हुई न हों या वह इलाका किसी दूसरे इलाके के मुकाबले में पिछड़ा हुआ न हो। अगर हम सब यह कहते चले जायें कि हमारा जिला या हमारा इलाका ही पिछड़ा हुआ है तो वास्तव में जो इलाके पिछड़े हुये हैं वे हमेशा पिछड़े हुये रह जायेंगे और जिस के पास कुछ है उसको और कुछ मिल जायेगा। वैसे हिन्दुस्तान में सब जगह यही हाल है, लेकिन खास तौर से जहां पिछड़ापन है और बहुत ज्यादा है और जिस के बारे में योजनाओं में ध्यान नहीं दिया गया है, वहां योजना आयोग तथा घर साहब इस दृष्टि से काम करें कि कुछ स्पेसिफिक योजनायें इन पिछड़े इलाकों के लिये बन जायें और उन को हाथ में ले लिया जाय तो ज्यादा अच्छा होगा। चौथी योजना के दो साल शेष हैं और पांचवीं योजना में भी इस दृष्टिकोण को सामने रखा जाना चाहिये और उसकी ओर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिये, यही मैं आप से निवेदन करना चाहता हूं।

श्री दरबारा सिंह (होशियारपुर) : यह मसला बहुत लम्बा चौड़ा है। थोड़े से वक्त में कुछ उसूली बातें ही कही जा सकती हैं। जहां सड़कें, स्कूल, अस्पताल, पानी, बिजली, पीने का पानी और इसी तरह के कोई इन्तजाम न हों इस तरह के इलाकों को अगर कोई डैफीनीशन की जा सके तो ठीक होगा और इस डैफीनीशन में मैं समझता हूं कि होशियारपुर और रोपड़ का जिला आ जाता है। यह सब से पिछड़ा हुआ है। आज भी वहां बहुत से ऐसे इलाके हैं जहां पीने का पानी नहीं मिलता है। लोग सब माउंटेनस एरियाज से नीचे पानी के लिये सड़कों पर आ कर दो तीन महीने गुजारते हैं। वहां सड़कें हैं तो इस तरह के रैवुलट्स भी हैं जो 40, 50 और 80 के करीब हैं जो सारी सड़क को भी बहा ले जाते हैं। खेती जो खड़ी होती है उसको भी बहा ले जाते हैं। गवर्नमेंट आफ इंडिया से हम मांगते हैं नीचे पानी लेने के लिये तो उसका भी कोई इन्तजाम नहीं किया जाता है। डेवेलपमेंट बोर्ड अगर बनाने भी हैं तो वे इफेक्टिव होने चाहिये

[दरबारा सिंह]

ये डिवेलपमेंट बोर्ड हर बैकवर्ड इलाके में होने चाहियें। साथ ही गवर्नमेंट आफ इंडिया जो पैसा देती है उसका सही तौर पर इस्तेमाल होता है या नहीं इसकी भी जांच होती रहनी चाहिये। ये ग्रांर्डज भी यहां से जाने चाहिये कि जिन कामों के लिये पैसा दिया जाये उन पर ही वह खर्च हो। किसी और ही चीज पर पैसा खर्च कर दिया जाता है। मैलो ट्यूबवैल वहां लगा देते हैं लेकिन पैसा दिया जाता है बैकवर्ड एरिया के लिये। पांच सौ फीट, सात सौ फीट नीचे से पानी ले सकें, उसके लिये पैसा इस्तेमाल नहीं होता है। इस्तेमाल किसी और ही जगह के लिये हो जाता है। इसका ध्यान रखना चाहिये। गवर्नमेंट आफ इंडिया जो पैसा देती है उसका सही इस्तेमाल होता है या नहीं, इसकी भी विजिलेंस होनी चाहिये।

**श्री टी० डी० कांबले** (लातूर) : श्री नाथू राम अहिरवार ने अपने प्रस्ताव में कुछ क्षेत्र भारत में जो पिछड़े हुये हैं उनका जिक्र किया है। उनके अलावा और भी हिन्दुस्तान में बहुत से भाग हैं जो पिछड़े हुये हैं और जिन का जिक्र माननीय सदस्यों ने यहां पर किया है। पिछड़े हुये इलाके और वे इलाके जो प्रगति कर चुके हैं, उनकी अगर व्यवस्था की जाये तो मैं कहूंगा कि जहां पर पानी की सुविधा है, नदियों में पानी है, खेतों को पानी देने की व्यवस्था है, जहां बिजली है, जहां सड़कें हैं, जहां रेलें हैं, वहां पर कल कारखाने हैं उन इलाकों की तो प्रगति हो चुकी है, वे इलाके तो प्रगतिशील बन गये हैं, और जहां ये चीजें नहीं है वे पिछड़े हुये हैं। जहां रेलें नहीं हैं, पानी की सुविधा न हो, कल कारखाने न हों वहां के लोग बेरोजगार रहते हैं और वे लोग शहरों की ओर जाना शुरू कर देते है और जब वे शहरों में बसे जाते हैं तो वहां जा कर और भी समस्यायें पैदा कर देते है। वहां जिन लोगों को काम मिलता है वे तो काम करते है और जिन को काम नहीं मिलता है वे भिखारी बन कर घूमते हैं और सड़कों पर सोने लग जाते हैं, वहीं पर खाना पकाना आदि शुरू कर देते है और यह चीज भी शहरों के लिये एक समस्या बन जाती है। मैं सरकार से निवेदन करूंगा कि पिछड़े हुये इलाकों में जिन कारखानों की स्थापना की जा सकती है, वे वहां पर खोले जायें।

30 मार्च, 1972 को एक सवाल का जवाब देते हुये राज्य सभा में गवर्नमेंट ने कुछ पिछड़े हुये इलाकों के नाम बताये। मैं उन सब इलाकों के नाम या उन की हालत नहीं जानता हूं। लेकिन महाराष्ट्र के जिन क्षेत्रों की हालत मैं जानता हूं, उन के नाम इस प्रकार बताये गये : बीड़, उस्मानाबाद, भंडारा, रत्नागिरि, औरंगाबाद, यवतमाल, चांदा, धुलिया, बुलढाना, नांदेड़, परभनी, जलगांव और कोलाबा।

इस में मराठावाड़ा के पांच जिले आते हैं। मैं उन का जिक्र खास तौर से इस लिये कर रहा हूं कि ये जिले निजाम हैदराबाद के राज्य में थे। 1956 में हैदराबाद का विभाजन होने पर उन के तीन भाग, तेलंगाना, कर्नाटक के तीन जिले और मराठवाड़ा के पांच जिले, भाषायी आधार पर अलग-अलग प्रदेशों के साथ जोड़ दिये गये। निजाम के राज्य में तो हम यह उम्मीद नहीं कर सकते थे कि मराठवाड़ा के इन जिलों की प्रगति के लिये कोई कार्य किया जायेगा। लेकिन वे अभी तक पिछड़े हुये हैं। शिक्षा के क्षेत्र में कुछ-कुछ काम हुआ है, लेकिन अभी अन्य क्षेत्रों में काफी काम करने की आवश्यकता है। कुछ जिले में ऐसे विभाग मिलेंगे, जहां के लोगों ने पच्चीस साल की आजादी के बाद भी आज तक रेलवे नहीं देखी है।

इन पिछड़े क्षेत्रों में उदगीर डिविजन नाम से एक विभाग है, जिस में तीन ताल्लुके है। 6 लाख की आबादी है। पहले वह कर्नाटक के बीदर जिले में था और बीदर जिला हैदराबाद राज्य में था। जब हैदराबाद राज्य में कर्नाटक के लिये कोई योजना बनती थी, तो इस विभाग को मराठी-भाषी समझ कर उस की उपेक्षा कर दी जाती थी और जब मराठवाड़ा के लिये कोई योजना बनती थी, तो कर्नाटक का विभाग समझ कर उस की उपेक्षा कर दी जाती थी। ऐसे उपेक्षित विभागों की ओर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिये।

मेरा सुझाव है कि पिछड़े हुये इलाकों के लिये सैंटर में एक सैपैरेट स्कीम बनाई जाये। इस को जैनेरल प्लानिंग के अन्तर्गत रखने से काम नहीं होगा। उन इलाकों का सरवे कर के उन के लिये योजना बनाई जानी चाहिये।

इंडस्ट्रीज के लाइसेंस देते समय यह ध्यान रखा जाये कि केवल ऐसे लोगों को लाइसेंस दिये जायें, जो पिछड़े इलाकों में इंडस्ट्रीज खोलने के लिये तैयार हों। अन्य लोगों को लाइसेंस देने पर प्रतिबन्ध होना चाहिये।

इस बात की भी व्यवस्था की जानी चाहिये कि जो कन्ट्रेक्टर पिछड़े हुये इलाकों में काम करने के लिये तैयार हों, केवल उन्हीं को गवर्नमेंट की ओर से कन्ट्रेक्ट दिये जायें।

पिछड़े हुये इलाकों के विकास के लिये पावरफुल स्टेटूटरी बोर्ड बनाया जाये, जो यह देखे कि उन इलाकों के लिये योजना में कितने पैसे रखे गये हैं, कितने खर्च किये गये हैं और जो खर्च नहीं किये गये हैं, वे क्यों नहीं किये गये हैं।

अन्त में मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि क्षेत्रीय असमानता को दूर करने से हम को राष्ट्रीय एकता स्थापित करने में सहायता मिलेगी, इस लिये सरकार को इन पिछड़े हुये क्षेत्रों की ओर विशेष ध्यान देना चाहिये।

श्री शम्भूनाथ (सैदपुर) : सभापति महोदय, माननीय सदस्य, श्री नाथूराम अहिरवार, ने अपने प्रस्ताव के जरिये देश के पिछड़े हुये भागों के विषय में सदन में बहस करने का मौका दिया है, उस के बारे में उन का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। मैं उस इलाके से आता हूं, जो उत्तर प्रदेश का पूर्वांचल कहा जाता है, जिस में बनारस डिविजन और गोरखपुर कमिश्नर दोनों है। आप को सुन कर ताज्जुब होगा कि 1951 में उत्तर प्रदेश की औसत आमदनी 257 रुपये थी, लेकिन 1969 में हमारे पूर्वांचल में औसत आमदनी 237 रुपये हो गई। इसलिये आज वहां के लोग कहते हैं कि आजादी से पहले हमारी स्थिति ज्यादा अच्छी थी। क्या वजह है कि 25 वर्ष हो गये हम ज्यों के त्यों पड़े हैं? इतना ही नहीं बल्कि सबसे पीछे चले गये। समझ में नहीं आता कि आखिर किसका दोष है। सेन्टर से कहा जाता है, बार बार यहां बहस हुई है, हर साल होती है पिछड़े भागों के मुतल्लिक किन्तु केन्द्र अपनी जिम्मेदारी डाल देता है राज्यों पर और राज्य से कहा जाये तो राज्य कहते हैं कि हमारे पास इतने साधन नहीं है कि हम पिछड़े हिस्सों को आगे बढ़ा सकें। अजीब हालत है क्या कहा जाये।

जहां तक हमारा पूर्वी उत्तर प्रदेश है, आप जानते हैं वह खेतिहर हिस्सा है। एक बड़ा ढिंढोरा पीटा जाता है सीलिंग का और वह सही भी है, और जगहों के लिये तो वह ठीक होगी लेकिन हमारा पूर्वी उत्तर प्रदेश उससे भी वंचित है। वहां हालत यह है कि जिस पर आप सीलिंग करने जा रहे हैं उसके पास उतनी जमीन ही नहीं है। हमारे यहां 90 फीसदी किसान ऐसे हैं जोकि मार्जिनल हैं या लेस दैन दैट हैं और उसमें भी 20 फीसदी खेतिहर मजदूर हैं। एक एक जिले में 5–5, 7–7 किसान ऐसे मिलेंगे जिनके पास, जो 18 एकड़ की सीलिंग आप करेंगे उससे कुछ ज्यादा जमीन निकले वरना उनके पास से कोई जमीन नहीं निकल पायेगी। यह हालत वहां है। तो आपकी यह जो प्लानिंग है, जिससे आप एक बहुत बड़ी आशा बंधाये हुये हैं गरीबों के लिये कि उनको जमीन मिलेगी उससे भी हमारा क्षेत्र वंचित है। तो मेरी समझ में नहीं आता कि आपकी नीति और आपकी किसी स्कीम का कोई फायदा हमें पहुंचने वाला है.... (व्यवधान)... पटेल कमीशन तो बहुत पुराना हो गया और रद्दी की टोकरी में चला गया, 62 से आज तक उसका पता नहीं है।

जनसंख्या की दृष्टिकोण से देखा जाये तो उत्तर प्रदेश की 9 करोड़ आबादी है और पूर्वांचल में 3 करोड़ की आबादी है। आज उत्तर प्रदेश में चारों ओर से यह आवाज उठ रही है कि अगर उत्तर प्रदेश का हरियाणा की तरह से विभाजन कर दिया जाये तो क्या इसका डेवलपमेंट होगा?

[श्री शम्भूनाथ]

हमारे उत्तर प्रदेश में चारों तरफ से आज यह आवाज उठ रही है और यह एक नमूना सामने है कि हरियाणा का बटवारा हुआ और हरियाणा आज बहुत अच्छा चल रहा है, एग्रीकल्चर में सबसे आगे पहुंच गया है। उत्तर प्रदेश में भी यह बात चल रही है और एक एजिटेशन सा खड़ा होने जा रहा है। मैं मंत्री महोदय से कहना चाहूंगा कि न तो आपकी सीलिंग से हमारे उत्तर प्रदेश को फायदा होने जा रहा है और न जो इंडस्ट्रियल कन्सेशन दिया है, बलिया और झांसी जिसमें आते हैं, उससे कुछ फायदा होने वाला है। न हम लोगों को उम्मीद है कि निकट भविष्य में आपकी तरफ से कोई काटेज इन्डस्ट्री या स्माल स्केल इंडस्ट्री मिलने जा रही है। ऐसा लगता है कि हरियाणा एक उदाहरण के रूप में सामने आयेगा और एजिटेशन के लिये लोग तैयार हो जायेंगे। पूर्वांचल में 20 प्रतिशत हरिजन बसते हैं जिनके पास खेती नहीं , मजदूरी के सिवाय और कोई चारा नहीं है। उसमें भी जब फ्लड आता है तो जो मजदूरी के ऊपर उनको रखने वाले हैं उनकी भी कैपैसिटी खत्म हो जाती है या सूखा पड़ता है तो उनके पास कोई काम नहीं रहता है। तो ये 20 प्रतिशत तो आलरेडी भूखे मर रहे हैं और 80 प्रतिशत के पास कैपेसिटी नहीं है कि उनको कहीं लगायें। अगर आप वहां के लिये कुछ करना चाहते हैं तो बड़े बड़े उद्योग-धंधे हम नहीं चाहते, अगर आपकी प्लानिंग चाहती है जैसा कि एक स्कीम के लिये सुझाव आया है, अगर आप उसके तहत इसको लेना चाहते हैं, और जिलेवार जो बैकवर्ड है उनको ईयरली मार्क करें कि इतना इतना धन इन इन जिलों में बैकवर्ड एरियाज में खर्च किया जायेगा तब तो हमारी तरफ से कुछ हो पायेगा अन्यथा उत्तर प्रदेश में जैसा कि पहले हुआ, हमने हल्ला किया तो चार जिलों के लिये पसा गया उत्तर प्रदेश में लेकिन दुख के साथ कहना पड़ता है कि वह जिन पिछड़े जिलों के लिये एलाट हुआ था वहां खर्च न करके दूसरी जगह चला गया जिसमें कि पोलिटिकल कुछ अपने ढंग की बात थी। हम आप से पूछना चाहते हैं आखिर आप क्या चाहते हैं? हम आजादी से पहले हिन्दुस्तान में सबसे ज्यादा अच्छे थे और आजादी के बाद आज हम सबसे ज्यादा खराब हैं और हमारी औसत आमदनी सबसे कम है। तो हमारे लिये तो ऐसा मालूम पड़ता है कि आपकी सारी प्लानिंग हमारे किसी काम की नहीं है।

मैं तो आप से इतना ही अर्ज करना चाहता हूं कि आप हम को स्माल स्केल इण्डस्ट्रीज दीजिये, काटेज इण्डस्ट्रीज दीजिये, हम को एम्प्लायमेंट के लिये कुछ न कुछ अलग से दीजिये, और उन के लिये कोई सैप्रेट एजेन्सी बनाइये, बोर्ड बनाइये, रिजनल बोर्ड बनाइये, ताकि हमारे बैकवर्ड एरियाज का उत्थान हो सके और जो एजीटेशन का रूप दिखाई पड़ रहा है वह खत्म हो।

इन शब्दों के साथ मैं समाप्त करता हूं।

*SHRI K. MALLANNA (MADHUGIRI): Mr. Chairman Sir, the motion before the House relates to the development of backward regions of U.P., M.P. and Bihar. But the amendment moved by Shri Naik relates to the development of all the backward regions in the country. Since the amendment dwells on the broader aspects, I fully support the motion together with the amendment.

While supporting the motion, I would like to draw the attention of the House to the fact that both at the Centre and States, the amount earmarked under various heads is not being properly spent. This has been particularly noticed in the Agricultural, Public Works and Industrial Departments. On account of this the backward regions continue to remain backward and nothing tangible has been done to remedy the disquieting feature.

My feeling is that we have not, first of all systematically identified the backward regions in the country after the States Reorganisation and taken preliminary steps to improve the lot of these areas. Immediate action in this regard is of para-

*The original speech was delivered in Kannada.

mount importance. For this purpose we have to take district or taluk as the basis and an area is selected only after taking into account the per capita income, the unemployed figure, cultivable, non-cultivable and dry areas and the educational rules existing in that area.

It is not enough that by setting up major industries, the backward areas would be developed. Along with that, we have to pay attention to set up Agro based industries and small scale industries. If a concerted action is taken in the right direction, I am sure that within a short period there would be a visible improvement. Hence what is vital is a dynamic action and utilisation of allotted amount for the development of backward areas.

Now that we are pursuing land reform measures vigorously, the Government should give all incentives to the tillers to augment agricultural production and thereby improve their lot. With these words, I fully support the motion with the amendment moved by our colleague Shri Naik.

**श्री राजदेव सिंह (जौनपुर)** : सभापति जी, इस समय सदन में जो चर्चा चल रही है कि देश के आर्थिक दृष्टि से पिछड़े हुये जो इलाके हैं उनकी किस तरह से तरक्की हो। आज वहां की हालत क्या है? अभी सरकार की तरफ से एक सर्वे हुआ है जिसकी रिपोर्ट है कि हिन्दुस्तान की आबादी का एक तिहाई हिस्सा एब्जेक्ट पावर्टी, गम्भीर गरीबी में अपने दिन बिता रहा है। 54 करोड़ में 18 करोड़ लोग इस प्रकार से अपना जीवन बिता रहे हैं। तो जिस देश की 18 करोड़ जनता के लिये दोनों समय के भोजन का कोई इन्तजाम नहीं, रहने के लिये मकान का कोई इन्तजाम नहीं—ऐसा मकान जिसमें कि इन्सान रह सकें, शिक्षा का कोई इन्तजाम नहीं, दवाई का इन्तजाम नहीं, वह देश कैसे तरक्कीशुदा माना जा सकता है? देश के ये पिछड़े हुये इलाके हरएक स्टेट में छिटके हुये हैं लेकिन मैं जिस स्टेट से आता हूं वहां की मेरी जानकारी ज्यादा है इसलिये वहीं की बात मैं आपके समक्ष रखूंगा। इस समय चौथी ज्यादा पंचवर्षीय योजना चल रही है लेकिन हमारा उत्तर प्रदेश एक पूरी पंचवर्षीय योजना पिछड़ा हुआ है। हमेशा उत्तर प्रदेश की अवहेलना की गई है। उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा ज्यादा राज्य हैं, 9 करोड़ वहां की पापुलेशन हैं लेकिन जहां तक सेन्ट्रल असिस्टेन्स का सवाल है, एक लम्पसम सेन्ट्रल असिस्टेन्स की शक्ल में वह दे दी जाती थी, पापुलेशन की बेसिस पर असिस्टेन्स नहीं दी जाती थी। अब दो सालों से यह सिलसिला शुरू हुआ है। इसी कारण उत्तर प्रदेश बराबर पिछड़ता गया। उत्तर प्रदेश में तीन पिछड़े हुये भाग हैं—एक तो पूर्वी उत्तर प्रदेश 15 जिलों का, दूसरे बुन्देलखण्ड चार जिलों का और तीसरे पहाड़ के 8 जिले। इनकी आबादी करीब करीब पांच करोड़ है। वहां पर एक आदमी की औसत आमदनी 41 पैसे रोज है। 41 पैसे में तो दो प्याली चाय भी नहीं मिल सकती है। पूर्वी उत्तर प्रदेश की जमीन बहुत उपजाऊ है। बहुत पहले से जबकि उद्योग धंधे देश में नहीं थे तो लोग वहीं पर बसते थे जहां की जमीन उपजाऊ होती थी। वहां की आबादी इतनी घनी है कि एक एक जिले में एक वर्गमील के भीतर 1100 के और 1200 की आबादी है देहातों और बस्ती में। स्वराज्य के बाद में एक मील भी नई सड़क नहीं बनाई गई है। इस तरह की उपेक्षा उन जिलों की की गई है।

इसी प्रकार से आप देखें कि देश भर में जितने छोटे-छोटे मार्जिनल फार्मर्स हैं उनमें से 24 परसेंट अकेले उत्तर प्रदेश में हैं। 24 परसेन्ट स्माल मार्जिनल फार्मर्स तो सारे उत्तर प्रदेश में हैं लेकिन अगर इन जिलों का परसेंटेज अलग से देखा जाये तो वह करीब 30—40 परसेंट होंगे। आखिर यह हालत ज्यादा आबादी होने की वजह से हुई या कोई दूसरे पेशे न होने की वजह से हुई। और जो वहां ट्रेडीशनल इन्डस्ट्रीज थीं वे धीरे-धीरे तब डैस्ट्राय होती गई, जैसे कारपेन्ट्री, ब्लैक स्मिथी,

जुलाहों का काम, बासरमैन आदि। अब यह सब काम फ़ैक्ट्रियों से होता है, और जो मोटे ढंग से यह काम गांवों में होता था, वह सब आज बेकार हो गये हैं।

इस समय चर्चा इस बात पर चल रही है कि केन्द्रीय सरकार स्वयं स्कीम बनाये, स्टेट्स के ऊपर न छोड़े। स्टेट्स में ऐसा होता है कि एग्रीकल्चर की तरक्की के लिये कुछ रुपया अगर मिला तो वहां का जो मिनिस्टर होता है वह जिले में ले जाता है और ईमानदारी के साथ काम नहीं करता है। इसलिए हमारे साथी को मजबूर हो कर यह प्रस्ताव लाना पड़ा कि सेन्ट्रल गवर्नमेंट बैकवर्ड एरियाज और डिस्ट्रिक्ट्स के लिये खुद स्कीम बनाये ताकि वह उसी जगह चले और दूसरी जगह उस को खिसकाने की कोशिश न करे।

